बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

इन्टरमीडिएट विशेष (सैद्धान्तिक) परीक्षा, 2026 एवं इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल (सैद्धान्तिक) परीक्षा, 2026 में परीक्षार्थियों से पूछे गए वस्तुनिष्ठ प्रश्नों (Objective Questions) के Answer Key पर आपत्ति/आपत्तियाँ दर्ज करने के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इन्टरमीडिएट विशेष (सैद्धान्तिक) परीक्षा, 2026 एवं इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल (सैद्धान्तिक) परीक्षा, 2026 की कला, विज्ञान, वाणिज्य संकाय एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रम के सभी सैद्धान्तिक विषयों की परीक्षा में निर्धारित अंकों के 50% (पचास प्रतिशत) अंकों के वस्तुनिष्ठ प्रश्न (Objective Questions) पूछे गए थे, जिसमें OMR (Optical Mark Reader) आधारित उत्तर–पत्रकों (Answer-Sheets) का प्रयोग सभी विषयों में परीक्षार्थियों द्वारा किया गया है। परीक्षार्थियों के द्वारा दिये गए उत्तर के मूल्यांकन (जाँच) के लिए समिति द्वारा विषय–विशेषज्ञों की टीम से सभी विषयों के प्रश्नों का Answer Key तैयार कराया गया है, जो समिति की वेबसाईट http://objection.biharboardonline.com अथवा https://biharboardonline.com पर दिनांक 17.05.2026 से उपलब्ध रहेगा।

2. समिति की वेबसाईट पर अपलोड वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के Answer Key के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति/व्यक्तियों (परीक्षार्थियों सहित) को कोई आपत्ति/आपत्तियाँ हों, तो वे दिनांक 18.05.2026 के अपराह्न 04:00 बजे तक समिति के उक्त वेबसाईट पर "Register objection regarding Answer Key Intermediate Special and Compartmental Exam 2026" पर जाकर अपनी आपत्ति/आपत्तियाँ दर्ज कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद किसी भी व्यक्ति/व्यक्तियों द्वारा आपत्ति/आपत्तियाँ किसी माध्यम से की जाती है, तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा।

विज्ञप्ति संख्या– पी.आर. 110/2026

परीक्षा नियंत्रक (उ०मा०)

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

माध्यमिक विशेष (सैद्धान्तिक) परीक्षा, 2026 एवं माध्यमिक कंपार्टमेंटल (सैद्धान्तिक) परीक्षा, 2026 में परीक्षार्थियों से पूछे गए वस्तुनिष्ठ प्रश्नों (Objective Questions) के Answer Key पर आपत्ति/आपत्तियाँ दर्ज करने के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माध्यमिक विशेष (सैद्धान्तिक) परीक्षा, 2026 एवं माध्यमिक कंपार्टमेंटल (सैद्धान्तिक) परीक्षा, 2026 के सभी सैद्धान्तिक विषयों की परीक्षा में निर्धारित अंकों के 50% (पचास प्रतिशत) अंकों के वस्तुनिष्ठ प्रश्न (Objective Question) परीक्षार्थियों से पूछे गए हैं, जिसमें OMR (Optical Mark Reader) आधारित उत्तर-पत्रकों (Answer-Sheets) का प्रयोग सभी विषयों में परीक्षार्थियों द्वारा किया गया है। परीक्षार्थियों के द्वारा दिये गए उत्तर के मूल्यांकन (जाँच) के लिए समिति द्वारा विषय-विशेषज्ञों की टीम से सभी विषयों के प्रश्नों का Answer Key तैयार कराया गया है, जो समिति की वेबसाईट **https://biharboardonline.com** पर उपलब्ध है।

2. समिति की वेबसाईट पर अपलोड वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के Answer Key के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति/व्यक्तियों (परीक्षार्थियों सहित) को कोई आपत्ति/आपत्तियाँ हैं, तो वे **दिनांक 17.05.2026 के अपराह्न 05:00 बजे** तक समिति के उक्त वेबसाईट **https://biharboardonline.com** पर दिये गये **Link "Register objection regarding Answer Key Secondary Special and Comp. Exam 2026"** अथवा **http://objmatric.biharboardonline.com** पर जाकर अपनी आपत्ति/आपत्तियाँ दर्ज कर सकते हैं।

3. निर्धारित तिथि के बाद किसी भी व्यक्ति/व्यक्तियों द्वारा आपत्ति/आपत्तियाँ किसी माध्यम से की जाती है, तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा।

विज्ञप्ति संख्या- पी॰आर॰ 108/2026

परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)

Follow @ @officialbseb @officialbseb @officialbseb biharschoolexaminationboard